तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 8 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 भाजपा प्रत्याशी सोमेन कराफ 6 हजार से अधिक वोटों से विजयी...



12 279 आंगनबाड़ी के पास नहीं खुद का भवन...



## खबर संक्षेप

### 80 हजार के जेवरात फिर पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** पाश कालोनी आम्रपाली वनांचल सिटी में दस दिनों के भीतर चार मकानो का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। मामले में यहां के एक ही चोरी का खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। आज्ञात के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया सी 320 आम्रपाली वनांचल सिटी हाऊसिंग बोर्ड भिलाई निवासी देव सिंह थापा परिचित की शादी में शामिल होने परिवार समेत झारसुगुड़ा गए हुए थे। अज्ञात ने ताला तोड़कर मकान से सोना चांदी के जेवरात को पार कर दिया। पीड़ित का भाई शादी से लौटकर आने पर मकान के भीतर प्रवेश किया। तो सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। आलमारी में रखा गया चांदी का कड़ा, चांदी का बिछिया, चांदी का पायल, गुल्लक में रखा नगदी रकम, लेडिस घड़ी टाइटन कंपनी का, 02 लेडिस हैंड बैगश, 01 नग लोहे का खुखरी नहीं था। इसके अलावा पूजा स्थल से चांदी का लोटा, चांदी का सिक्का, चांदी का 2 हाथी आदि सामान पार हो गए हैं। चोरी गए सामानों की कीमत करीब 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### आईपीएल मैच में दांव दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** आईपीएल क्रिकेट जुआ में दांव लगाने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आईपीएल क्रिकेट मैच पर रुपए का दांव लगाने वाले रिसाई पारा, धमतरी निवासी मोहसिन खान, राहिल खान को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोबाइल, नगदी रकम 36,100 रुपए बरामद किया है।

### धमकी देकर लूटपाट चार युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** दुकानदार के साथ लूटपाट कर फरार होने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी मेजर यादव 4 मई की सुबह उसके किराना दुकान में पहुंचे। जहां से चाय, पानी बोतल, गुटखा, सिगरेट लेने के बाद पैसे मांगने पर विवाद करने लगे। इस दौरान आरोपी जोन 2 खुर्सीपार निवासी श्याम रेड्डी ने धारदार हथियार दिखाकर पीड़ित को धमकाया। उसके अन्य साथियों में खुर्सीपार निवासी धनराज निर्मलकर, दुर्गा मंदिर के पास खुर्सीपार विराज, मिनीमाता नगर प्रहलाद बंजारे ने मिलकर दुकान के गल्ले में रखे नगदी 5,100 रुपये लूटकर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई और चारों युवको को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# 60 हितग्राहियों को 15 दिन में कार्य पूर्ण करने का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा ने सख्त रुख अपनाया है। हाल ही में आयोजित समीक्षा बैठक में उन 60 आवास हितग्राहियों की पेशी ली गई, जिन्होंने शासन से आवास निर्माण हेतु किश्त की राशि प्राप्त करने के बावजूद अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है अथवा कार्य अधूरा छोड़ दिया है।

बैठक के दौरान एसडीएम ने सभी संबंधित हितग्राहियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा दी गई राशि का उपयोग केवल आवास निर्माण के लिए किया जाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन हितग्राहियों ने राशि आहरित कर ली है, उन्हें हर हाल में आगामी 15 दिनों के भीतर निर्माण कार्य में संतोषजनक प्रगति सुनिश्चित करनी होगी। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यदि तय समय सीमा के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया अथवा प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, तो संबंधित हितग्राहियों के विरुद्ध नियमानुसार राशि वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

इसके लिए राजस्व विभाग की टीम को निगरानी एवं सत्यापन के निर्देश भी दिए गए हैं।एसडीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा राशि का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## आवास निर्माण में लापरवाही पर प्रशासन सख्त

### योजना का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता

प्रशासन ने कहा कि उसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे तथा सरकारी राशि का सदुपयोग हो। अधिकारियों ने हितग्राहियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने आवास निर्माण कार्य पूर्ण करें, ताकि उन्हें योजना का पूरा लाभ मिल सके और किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके। प्रशासन द्वारा आगामी दिनों में भी ऐसे मामलों की सतत समीक्षा और निगरानी जारी रखने की बात कही गई है।



### हरदास पंचायत के हितग्राहियों ने लौटाई राशि

प्रशासन की सख्ती का असर अब जमीनी स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। ग्राम पंचायत हरदास के 5 ऐसे हितग्राही, जो व्यक्तिगत अथवा अन्य कारणों से आवास निर्माण कराने में असमर्थ हैं, उन्होंने स्वेच्छा से शासन को राशि वापस करने का निर्णय लिया है। इन हितग्राहियों द्वारा विभाग के समक्ष सहमति पत्र प्रस्तुत कर दिया गया है। विशेष रूप से ग्राम हरदास के एक हितग्राही ने ईमानदारी का परिचय देते हुए शासन से प्राप्त राशि को सरकारी खाते में वापस जमा भी करा दिया है, जिसकी प्रशासन द्वारा सराहना की जा रही है।

## सुशासन तिहार : मोहतरा के माध्यमिक शाला परिसर में लगा समाधान शिविर

# खाद्य मंत्री दयालदास ने जन समस्या निवारण शिविर में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत नवागढ़ की ग्राम पंचायत मोहतरा के माध्यमिक शाला परिसर में आज जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं, जिनका यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। इस दौरान एसडीएम दिव्या पोटाई, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे और अपने-अपने विभागीय स्टॉलों में आम नागरिकों की समस्याएं सुनते रहे। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने शिविर प्रारंभ होने से पूर्व मोहतरा स्थित राम जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### मौके पर ही हुआ समस्याओं का निराकरण



### विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

शिविर में मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने विभिन्न विभागों की योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया। स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को प्रतिभा सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास स्वीकृति एवं चाबी प्रदान की गई। इसके अलावा नवीन राशन कार्ड, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, स्वामित्व कार्ड, मत्स्य विभाग अंतर्गत मछली पालन हेतु जाल तथा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सुकन्या समृद्धि एवं नोनी सुरक्षा योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

### गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री बघेल ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म संपन्न कराई तथा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन कराया। इस दौरान महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

### जनता से सीधा संवाद, आवेदन देने के लिए किया प्रेरित

मंत्री श्री बघेल ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए नागरिकों को जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों को अपनी समस्याएं एवं मांगें लिखित आवेदन के माध्यम से प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। मंत्री ने कहा कि जब नागरिक जागरूक होकर अपनी समस्याएं प्रशासन तक पहुंचाएंगे, तभी उनका त्वरित समाधान संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन का उद्देश्य प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाना है, ताकि आम नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविरों के माध्यम से मौके पर ही समस्याओं का सत्यापन एवं निराकरण किया जा रहा है तथा पात्र हितग्राहियों को तत्काल योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री बघेल ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि केवल कागजी कार्यवाही तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर त्वरित और प्रभावी कार्य सुनिश्चित करें। अपने उद्बोधन में मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण और गरीब वर्ग के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है।

# महिला मोर्चा संगठन विस्तार 15 दिनों में मंडल कार्यकारिणी गठन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए संगठन का मजबूत होना बेहद आवश्यक

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के लिए बड़ा अभियान शुरू कर दिया है,प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी के मार्गदर्शन में जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे 15 दिनों के भीतर अपने-अपने क्षेत्रों में दौरा कर पूर्ण रूप से मंडल कार्यकारिणी का गठन सुनिश्चित करें। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए संगठन का मजबूत होना बेहद आवश्यक है,उन्होंने साफ किया कि इस बार कार्यकारिणी गठन केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक सशक्त, सक्रिय और परिणाम देने वाली टीम तैयार करने का अभियान है।

जिला अध्यक्ष ने निर्देश दिए हैं कि स्व-सहायता समूहों में सक्रिय महिलाओं को प्राथमिकता के साथ संगठन में शामिल किया जाए, ताकि उनकी आर्थिक और सामाजिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिल सके,साथ ही शिक्षित और सामाजिक सरोकार रखने वाली युवतियों को जिम्मेदारी देकर संगठन में नई ऊर्जा लाई जाएगी।

कार्यकारिणी गठन में क्षेत्रीय विधायक, वरिष्ठ भाजपा नेताओं एवं अनुभवी कार्यकर्ताओं के सुझावों को महत्व दिया जाएगा, जिससे एक संतुलित और प्रभावी टीम तैयार हो सके। प्रज्ञा निर्वाणी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक मंडल में वरिष्ठ भाजपा नेत्रियों एवं चुनी हुई महिला जनप्रतिनिधियों को मार्गदर्शक मंडल एवं स्थायी आमंत्रित सदस्यों के रूप में शामिल करना अनिवार्य होगा, ताकि संगठन को अनुभव और दिशा दोनों का लाभ मिल सके। पारदर्शिता और नए चेहरों को अवसर उन्होंने दोहराया कि संगठन में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होगी,किसी भी पद पर पुनरावृत्ति नहीं होगी और जो कार्यकर्ता पहले से अन्य मोर्चा या प्रकोष्ठ में दायित्व निभा रहे हैं, उनके स्थान पर नए चेहरों को अवसर दिया जाएगा। सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्षों से समन्वय के बाद ही अंतिम सूची जारी की जाएगी।

# पानी की तलाश में रिहायशी इलाकों और दफ्तरों तक पहुंच रहे बंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ गर्मी से बेहाल बेजुबान, जिला पंचायत कार्यालय परिसर में दिनभर डेरा जमाए रहा बंदरों का झुंड



जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और लू का असर अब इंसानों के साथ-साथ बेजुबान जानवरों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। ताज़ा मामला जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत कार्यालय का है, जहां बंदरों का एक बड़ा झुंड गर्मी से राहत और पानी की तलाश में कार्यालय परिसर में दिनभर मंडराता नजर आया। कार्यालय परिसर में लगे कूलर के नीचे, पेड़ों की छांव और ठंडे स्थानों पर बंदर आराम करते दिखाई दिए।

भीषण तापमान और सूखते जलस्त्रोतों के कारण वन्यजीव अब रिहायशी इलाकों और सरकारी कार्यालयों का रुख करने लगे हैं। दरअसल गर्मी के मौसम में तालाब, नाले और अन्य प्राकृतिक जलस्त्रोत सूख जाने से बंदरों सहित अन्य जानवरों को पानी और ठंडी जगहों की तलाश में शहरों की ओर आना पड़ रहा है। यही वजह है कि इन दिनों बंदरों के झुंड घरों की छतों, पानी की टंकियों और भवनों के छज्जों के नीचे बैठे आसानी से देखे जा सकते हैं।

हालांकि रिहायशी इलाकों में बंदरों की बढ़ती आवाजाही से लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल भी बन रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग और प्रशासन को गर्मी के दिनों में वन्यजीवों के लिए पानी की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि वे आबादी वाले क्षेत्रों की ओर न आएं।

# अधिवक्ता समेत 10 आरोपी पकड़े गए शाम होते ही मुचलके पर रिहाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ शहर में दिनभर चर्चा का विषय बना ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा मामला

### आईपीएल सट्टा रैकेट पर पुलिस का बड़ा प्रहार



लंबे समय से शहर में जड़ें जमा चुके ऑनलाइन क्रिकेट आईपीएल सट्टा कारोबार पर आखिरकार सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अधिवक्ता समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 स्क्रीन टच मोबाइल, नगदी और अन्य सामग्री सहित करीब 2 लाख 35 हजार रुपए जब्त किए। हालांकि, पूरे घटनाक्रम ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब न्यायालय में पेशी के बाद सभी आरोपियों को स्वयं के बंदपत्र यानी मुचलके पर रिहा कर दिया गया।इस पूरे मामले की शहरभर में दिनभर चर्चा होती रही। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे शहर में आईपीएल ऑनलाइन सट्टा रैकेट के भंडाफोड़ की खबर फैलते ही लोगों में हलचल मच गई। बताया जा रहा है कि पुलिस ने बीटीआई ग्राउंड कोबिया क्षेत्र में रेड कार्रवाई कर महेंद्र सोनी को मोबाइल के जरिए आईपीएल क्रिकेट सट्टा खेलाते हुए पकड़ा। उसके पास से मोबाइल और नगदी जब्त की गई। पूछताछ में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आने पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कुल 10 आरोपियों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपियों में महेंद्र सोनी पिता गोपाल सोनी, निवासी बाजार पारा बेमेतरा ,भोजराम साहू उर्फ भोजू, निवासी सिंघौरी वार्ड 13 बेमेतरा,अरविंद वर्मा, निवासी पिकरी बेमेतरा,राहुल वर्मा, निवासी पिकरी बेमेतरा,राजेश वर्मा, निवासी पिकरी बेमेतरा

गिरधारी वर्मा, निवासी कुर्मीपारा वार्ड 20 बेमेतरा,संजय मिर्झा, निवासी मोहभट्ठा वार्ड 06 बेमेतरा,गौरव वर्मा, निवासी गौटियापारा बेमेतरा,तुस्कंद विनायक साहू, निवासी बिलाई हाल कचहरीपारा बेमेतरा नीलेश साहू निवासी गौटियापारा वार्ड 19 बेमेतरा शामिल हैं।

इन आरोपियों में तुस्कंद विनायक साहू स्थानीय न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत बताए जा रहे हैं। जैसे ही अधिवक्ता के सट्टा प्रकरण में पकड़े जाने की खबर न्यायालय परिसर तक पहुंची, अधिवक्ता साथियों में हलचल मच गई और उन्हें राहत दिलाने के लिए भागदौड़ शुरू हो गई।

इधर शाम करीब 4 बजे पुलिस प्रेस वार्ता लेकर आईपीएल ऑनलाइन सट्टा रैकेट के खुलासे को बड़ी कार्रवाई के रूप में पेश कर रही थी, वहीं दूसरी ओर न्यायालय में सभी आरोपियों को बिना जमानतदार के स्वयं के मुचलके पर रिहा कर दिया गया। इस घटनाक्रम को लेकर शहर में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से कुल 10 स्क्रीन टच मोबाइल कीमती लगभग 1 लाख 95 हजार रुपए तथा 40 हजार रुपए नगद जब्त किए गए। सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 7 के तहत कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि शहर में लंबे समय से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का अवैध कारोबार संचालित होने की शिकायतें उठती रही हैं। आमजन लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे थे, लेकिन सट्टा कारोबारियों तक पुलिस की पहुंच नहीं बन पा रही थी। इस बार हुई कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है, हालांकि आरोपियों को मिली तत्काल राहत ने कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं।

यह भी उल्लेखनीय है कि आईपीएल सट्टे की लत का दुष्परिणाम शहर पहले भी देख चुका है। बीते वर्ष एक 16 वर्षीय किशोर ने कथित रूप से सट्टे के कारण आत्महत्या कर ली थी, जबकि एक अन्य युवक ▶▶| शेष पेज 13 पर

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जताया आभार

# राजगामी संपदा न्यास के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए धर्म स्तंभ काउंसिल के प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ महंत दिग्विजय दास की दानशीलता को बताया कलयुग का राजा बलि




रानी सूर्य मुखी देवी राजगामी संपदा न्यास के पदभार ग्रहण समारोह में धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ सौरव निर्वाणी एवं राम जानकी मंदिर के महंत सुरेंद्र दास शामिल हुए,इस अवसर पर वैष्णव समाज एवं संत समाज ने राजगामी संपदा न्यास में निर्वाणी अखाड़ा एवं निम्बार्क संप्रदाय से जुड़े मनोज निर्वाणी को उपाध्यक्ष बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ सरकार तथा विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की रियासतकालीन परंपरा में वैष्णव राजा महंत दिग्विजय दास का योगदान केवल प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए अद्वितीय उदाहरण है,उन्होंने कहा कि निम्बार्क संप्रदाय के महान वैष्णव राजा महंत दिग्विजय दास ने आजादी के बाद अपनी संपूर्ण रियासत का न केवल स्वतंत्र भारत में विलय किया, बल्कि महल, जंगल, भूमि और अपार संपदा को समाज उत्थान एवं लोककल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव रियासत में रायपुर से भी पहले बिजली, पानी की टंकी, रेल लाइन और बीएनसी मिल जैसी व्यवस्थाएं स्थापित होना महंत राजा दिग्विजय दास की दूरदर्शिता, दानशीलता और जनकल्याणकारी सोच का परिणाम था,डॉ. रमन सिंह ने कहा कि ऐसे महापुरुषों की विरासत को आगे बढ़ाना समाज और शासन दोनों की जिम्मेदारी है। राजगामी संपदा न्यास, जिसकी संपत्ति वर्तमान समय में लगभग 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है, उसमें मनोज निर्वाणी को उपाध्यक्ष बनाए जाने पर संत समाज में विशेष उत्साह देखा गया,विभिन्न अखाड़ों, मंदिरों और वैष्णव संगठनों से जुड़े संत-महंतों ने इसे वैष्णव संप्रदाय की भावनाओं का सम्मान बताया। धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ सौरव निर्वाणी ने कहा कि उन्हें आशा है कि महंत दिग्विजय दास की मूल भावना के अनुरूप न्यास की आय एवं संसाधनों का उपयोग लोकहित, सनातन संस्कृति के संवर्धन, धर्म, अध्यात्म, शिक्षा एवं चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा,उन्होंने कहा कि राजगामी संपदा केवल संपत्ति नहीं बल्कि वैष्णव परंपरा की सामाजिक जिम्मेदारी और जनसेवा की जीवंत विरासत है। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार बालादास ने कहा कि यह वैष्णव समाज के लिए गर्व और प्राकृतिक अधिकार का विषय है,उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने वैष्णव समाज की भावनाओं को समझते हुए संत परंपरा का ▶▶| शेष पेज 13 पर

**खबर संक्षेप**

### जामुल के हाई स्कूल डोम शेड में सुशासन तिहार शिविर कल

**जामुल।** नगर पालिका परिषद जामुल में सुशासन तिहार के तहत जनसमस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में नागरिक अपनी शिकायत, मांग और समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रख सकेंगे। सभी शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेंगे। शिविरों का आयोजन अलग-अलग वार्डों में तय तारीखों पर किया जाएगा। 8 मई को हाई स्कूल डोम शेड में वार्ड 1, 2, 3, 4 और 6 के लिए शिविर लगेगा। 14 मई को प्राथमिक शाला रावण भाटा में वार्ड 5, 7, 9 और 10 के नागरिकों की सुनवाई होगी। 19 मई को एसीसी मंगल भवन में वार्ड 8, 11, 12, 13, 14 और 15 के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। 26 मई को मंगल भवन शिवपुरी में वार्ड 16, 17 और 18 के लिए शिविर लगाया जाएगा। वहीं 1 जून को सांस्कृतिक भवन, बाजार चौक सुरडुंग में वार्ड 19 और 20 के नागरिक समस्याएं रख सकेंगे।

### ढौर में सुशासन तिहार आज

**दुर्ग।** आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत ग्राम पंचायत के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ढौर में 8 मई शुक्रवार को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में सिरसाखुर्द, जेवरा, समोदा, भटगांव, कुटेलाभांठा, खपरी कु., करंजाभिलाई, झेंझरी, कचांदुर, ढौर, खेदामारा, बासीन, बोड़ेगांव, रवेलीडीह, अरसनारा, ननकठ्ठी ग्राम शामिल है। शिविर में जिपं. मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे को नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी जपं. मु.का.अधिकारी रूपेश कुमार पाण्डेय को नियुक्त किया गया है।

### लिपिकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**दुर्ग।** लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई से अक्टूबर 2026 के लिए आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 5 जून निर्धारित की गई है। अधिसूचना के अनुसार, लिपिक वर्गीय कर्मचारी जिनकी न्यूनतम 3 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण हो चुकी है, आवेदन करने के पात्र होंगे।

# किसानों को इस बार प्रति एकड़ 1 बोरी यूरिया व 1 बोरी डीएपी देने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले वर्ष किसानों को प्रति एकड़ 2 बोरी यूरिया एवं 1 बोरी डीएपी दिया गया। इस बार 1 बोरी यूरिया और 1 बोरी डीएपी देने की तैयारी की जा रही है। इसका किसानों ने विरोध किया गया। वहीं इस मामले में किसानों के समर्थन में कांग्रेसी कार्यकर्ता भी सामने आए हैं। कार्यकर्ता बुधवार को अहिवारा विस क्षेत्र अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मुरमुंदा, लिमतरा एवं नंदौरी का दौरा कर खरीफ फसल हेतु खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर इस दौरान मौजूद थे।

ठाकुर ने बताया कि पिछले वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 7 मई 2025 के बीच मुरमुंदा सोसायटी में डीएपी 323 बोरी, यूरिया 389 बोरी, सुपर फास्फेट 124 बोरी एवं पोटाश 109 बोरी, लिमतरा सोसायटी में डीएपी 143 बोरी, यूरिया 247 बोरी, सुपर फास्फेट 71 बोरी एवं पोटाश 18 बोरी तथा नंदौरी सोसायटी में डीएपी 540 बोरी, यूरिया 733 बोरी, सुपर फास्फेट 291 बोरी एवं पोटाश 155 बोरी का वितरण हो चुका था, जो उस समय भी अपर्याप्त था। इसके विपरीत, इस वर्ष 6 मई 2026 तक की स्थिति बेहद चिंताजनक है। अब तक किसानों को एक भी बोरी खाद का वितरण प्रारंभ नहीं किया गया है और न ही समितियों में पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया गया है। यह स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि भाजपा सरकार किसानों की जरूरतों के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील है। यह समस्या केवल दुर्ग जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में देखने को मिल रही है।

## किसानों ने किया विरोध, पिछले बार दिया गया था 2 बोरी यूरिया एवं 1 बोरी डीएपी

### किसानों को छल रही सरकार, कांग्रेस करेगी विरोध

ठाकुर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में किसानों के साथ लगातार छल किया जा रहा है। जहां पिछले वर्ष किसानों को प्रति एकड़ 2 बोरी यूरिया एवं 1 बोरी डीएपी दिया जा रहा था, वहीं इस वर्ष उसे भी घटाकर केवल 1 बोरी यूरिया व 1 बोरी डीएपी दिए जाने की बात सामने आ रही है, जो सीधे-सीधे किसानों की उत्पादन क्षमता पर चोट है। ठाकुर ने उपस्थित किसानों से सीधी चर्चा भी की, जिसमें किसानों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक खाद वितरण शुरू नहीं हुआ है, जिससे बुवाई की तैयारी प्रभावित हो रही है। किसानों ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हर वर्ष खाद के लिए भटकना पड़ता है, लेकिन इस बार तो स्थिति और भी बदतर है।



### खरीफ सीजन में खाद-बीज के संकट के हालात बनेंगे

वर्तमान स्टॉक की स्थिति भी बेहद निराशाजनक है। नंदौरी सोसायटी में मात्र 52 टन यूरिया, 80 टन डीएपी, 30 टन सुपर फास्फेट एवं 22 टन पोटाश उपलब्ध है, जबकि मुरमुंदा सोसायटी में 13 टन यूरिया, 3 टन सुपर फास्फेट, 4 टन पोटाश एवं 40 टन एनपीके उपलब्ध है, वहीं डीएपी का स्टॉक शून्य है। यह स्थिति खरीफ सीजन से पहले ही भारी संकट का संकेत दे रही है। ठाकुर ने कहा कि बुवाई शुरू होने से पहले ही खाद की यह किल्लत किसानों को आर्थिक और मानसिक रूप से तोड़ रही है। भाजपा सरकार की नीतियों के कारण किसान हताश और निराश हैं। इस दौरान हीरा वर्मा, उमेश साहू, जगदीश मारकंडे, धरम बर्रे, प्रवीण देवांगन, हेमंत साहू, राजा पाल, सत्यम, लेखराज पाल सहित अन्य मौजूद थे।

## शुद्ध पेयजल समस्या से निजात के लिए क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग पर जोर

# 279 आंगनबाड़ी के पास नहीं खुद का भवन किराए पर चल रही, सांसद ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन में जिले में चल रहे विकास कार्यों और जनता के हितों से जुड़े कार्यों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। सांसद बघेल ने निर्देशित किया कि जिले में राज्य और केन्द्र शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो और योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। इस दौरान जिले की आंगनबाड़ी केंद्रों की रिपोर्ट सामने आई, जिसमें खुलासा हुआ कि जिले में इस समय 1550 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जिसमें से 1171 के पास खुद का भवन है। बाकी किराए के भवनों और अन्य माध्यमों से संचालित हो रहे हैं। इस पर सांसद ने भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भी भवन स्वीकृति के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। सांसद ने क्षेत्र के समग्र विकास, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण करने पर जोर देते हुए एक पेड़ मां के नाम और एक सोखता संतान के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जल संवर्धन को भी बढ़ावा मिल सके। बैठक के दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल, आयुक्त मोनिका वर्मा, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद पंचायत सदस्यगण, समिति के सदस्य सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक में रखा गया रिपोर्ट कार्ड



### पीएम आवास के अंतर्गत बन रहे मकानों के आसपास पौधरोपण

सांसद ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों में पौधारोपण को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही नगरीय निकायों में बिल्डिंग परमिशन देते समय रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य रूप से प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने नगरीय निकायों के आयुक्तों को स्वयं क्षेत्र में जाकर कार्यों का निरीक्षण करने को कहा। साथ ही ग्राम पंचायतों में भी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत हर घर में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल देते हुए अधिकारियों ने बताया कि निकुम, जेवरा-सिरसाखुर्द-भटगांव, चंदखुरी-कोलिहापुरी-पीसेगांव, अंजोरा-ढाबा, मोतीमपुर, ओदरागहन-सुरपा एवं कौही-रानीतराई समूह जलप्रदाय योजनाओं पर कार्य जारी है। सांसद ने लोगों को शुद्ध पेयजल जैसी समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रमुखता से क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग करने को कहा।

### बारिश से पहले पशुओं के टीकाकरण पर दिया जोर

सांसद बघेल ने कृषि कार्यों को ध्यान में रखते हुए समय पर खाद और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बारिश से पहले पशुओं का टीकाकरण गांव-गांव में शिविर लगाकर प्राथमिकता से करने को कहा। इसके अलावा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जर्जर सड़कों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुधारने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को खराब सड़कों का निरीक्षण कर शीघ्र सुधार कार्य सुनिश्चित करने को कहा।

### मनरेगा के कार्यों में लक्ष्य के अनुरूप मिला रोजगार

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, पीएम ग्रामीण आवास, सांसद आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण 1.0 एवं 2.0, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0, जल जीवन मिशन, पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, समग्र शिक्षा, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम आदि की जानकारी दी। सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे ने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत 28 फरवरी तक निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 100 प्रतिशत मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं। वहीं मार्च से मई 2026 तक 65 प्रतिशत मानव दिवस उपलब्ध कराए गए हैं। सांसद श्री बघेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष अवधि में कार्यों में और तेजी लाई जाए, ताकि अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके।

# शहर के 48 वार्डों में शत प्रतिशत राजस्व वसूली के लिए प्रभारी नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर महत्वपूर्ण आदेश जारी किए गए हैं। इसके तहत निगम के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को विभिन्न वार्डों में प्रभार सौंपते हुए राजस्व वसूली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड सत्यापन, जनसूचना एवं अन्य सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं।जारी आदेश के अनुसार सभी कर्मचारी अपने-अपने वार्डों में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए नागरिकों से संपर्क स्थापित करेंगे और योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के साथ-साथ राजस्व वसूली कार्य को गति देंगे। उक्त कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी कर्मचारी राजस्व अधिकारी राजकमल बोरकर एवं प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी अभ्युदय मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे।

- आयुक्त के निर्देश पर कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय

अग्रवाल ने राजस्व विभाग के अमले की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि 48 वार्डों में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ क्षेत्र में भ्रमण करें और शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

आयुक्त ने वार्डवार ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे घर-घर पहुंचकर करदाताओं से संपर्क करें, बकाया कर की जानकारी दें तथा समय पर वसूली सुनिश्चित करें। साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं राशन कार्ड सत्यापन जैसे कार्यों को भी प्राथमिकता से पूर्ण करें। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

# किसानों ने उन्नत तकनीकों की जानकारी देने गांव-गांव पहुंचेंगे कृषि विभाग के विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में 20 मई तक विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ 2026 प्रारंभ होने के पूर्व कृषि कार्यो की तैयारी आधुनिक तकनीकों, किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न विभागीय योजनाओं फसलवार अनुशंसित मात्रा अनुसार संतुलित उर्वरक के प्रति जागरूक करने तथा किसानों के द्वारा फीडबैक के आधार कृषि अनुसंधान हेतु आवश्यक दिशा निर्धारण के उद्देश्यों से अभियान चलाया जाएगा।

- विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत

जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन विभाग के अधिकारियों को शामिल कर 2 टीमें प्रति विकासखण्ड हेतु बनाई गई है। प्रत्येक टीम एक दिन में एक ग्राम में जाएगी एवं जिले में कुल 72 ग्रामों में शिविर आयोजित कर किसानों से सीधा संवाद करेंगी। साथ ही किसानों से खेती संबंधी समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान बनायेगी। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन विभाग के अधिकारी विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों के साथ साझा करेंगे, जिससे किसान शासन की योजनाओं का आसानी पूर्वक लाभ ले सकें। रथ की रवानगी प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं सांसद विजय बघेल, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने हरी झण्डी दिखाकर की। इस अवसर पर आईसीएआर, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकगण, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन विभाग के अधिकारीगण तथा कृषकगण उपस्थित रहे। जिले के किसानों से अपील की यह है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करें तथा शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लें और वैज्ञानिकों से प्रत्यक्ष संवाद कर अपनी कृषि संबंधी समस्याओं का निराकरण पायें।



## बीएसपी में अब आसान नहीं होगा थर्ड पार्टी आवास आवंटन, अधिकारियों की बढ़ी मुश्किलें

**भिलाई।** टाउनशिप में अब थर्ड पार्टी को बीएसपी क्वार्टर के आवंटन कराना आसान नहीं होगा। आगे क्वार्टर अलाटमेंट के लिए सेल द्वारा नई पालिसी तैयार की जा रही है। इसके लिए दिल्ली की टीम द्वारा स्टडी किया जाना बताया जा रहा है। इस दौरान यहां थर्ड पार्टी को क्वार्टर अलाट नहीं किए जा रहे हैं। इसके चलते थर्ड पार्टी आवास के इच्छुक रिटायर होने वाले या हालिया रिटायर हो चुके वरिष्ठ अधिकारियों की परेशानी बढ़ जाएगी। यूनियन सूत्रों के मुताबिक बीएसपी द्वारा कंपनी के क्वार्टर बतौर थर्ड पार्टी रिटायर अधिकारियों या राज्य शासन के लोगों को बतौर थर्ड पार्टी अलाट किए जाते रहे हैं। इसके लिए 3 से 10 लाख रुपए सुरक्षा निधि जमा कराए जाते हैं। पिछले वर्षों के दौरान प्रबंधन द्वारा टाउनशिप में हजारों क्वार्टर थर्ड पार्टी को आवंटित किए जा चुके हैं। इससे बीएसपी को करोड़ों रुपए का रेवेन्यू मिल रहा है। लेकिन अब आगे थर्ड पार्टी अलाटमेंट की नीति बदलने की तैयारी से रिटायर अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। हालांकि अभी तक इसके लिए स्थानीय या सेल प्रबंधन ने कोई आदेश जारी नहीं किया है लेकिन सूत्रों के मुताबिक अब तीसरा पक्ष आवंटन के लिए सेल पूर्व पालिसी को संशोधित करन की तैयारी कर रहा है। इसमें आवंटन बंद या कठिन हो सकता है। नीति बनने के बाद यूनिफाइड हाउस अलॉटमेंट पॉलिसी के अनुमोदन के बाद संबंधित संयंत्र-इकाइयां इसे लागू करेंगी। पहले से आवंटित थर्ड पार्टी आवास का भी रिव्यू करने का आदेश है। इसको खाली कराने में कहीं दिक्कत आ रही है सेल बोर्ड के पास मामला भेजा जाए। दूसरी ओर के मैनपॉवर, कांट्रेक्ट आदि का अध्ययन करने के लिए सेल कारपोरेट आफिस से एक टीम पहुंच चुकी है। सेल के एक अन्य प्लांट की स्टडी करने के बाद टीम भिलाई आई है। टीम यहां कुछ दिन ठहरकर बारीकी से अध्ययन करेगी। विभागों के मैनपॉवर आदि को लेकर रिपोर्ट तैयार करेगी।

# हैंड हेल्ड एक्स-रे से 112 लोगों की टीबी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। भिलाई-3 चरोदा नगर निगम क्षेत्र के हथखोज में विशेष जांच शिविर लगाकर 112 लोगों का एक्स-रे किया गया।

- हथखोज में चलाया गया विशेष जांच शिविर

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुवनेश्वर कुमार कठौतिया ने बताया कि शिविर में हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के जरिए लक्षित वर्ग के लोगों की छाती की जांच की गई। टीबी के लक्षण जैसे लगातार खांसी, बलगम में खून, वजन घटना, हल्का बुखार बना रहना और इसके अलावा 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग, बीपी-शुगर के मरीज, कैंसर, लीवर और किडनी जैसी बीमारियों से पीड़ित तथा धूम्रपान, तंबाकू और शराब का सेवन करने वाले भी जांच के दायरे में रखे गए हैं। टीबी हारेगा, देश जीतेगा अभियान के तहत बीमारी की समय पर पहचान और पूरा इलाज बेहद जरूरी है। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि समय पर दवा लेने से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है, लेकिन लापरवाही गंभीर परिणाम तक ले जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन मरीजों को पहले टीबी हो चुकी है, उनके परिवार के सदस्यों और जिनकी दवा चल रही है, उनकी भी नियमित जांच की जा रही है। संदिग्ध मरीजों के ट्रू-नाट सैंपल भी लिए जा रहे हैं।



शिवर में एलएचव्ही आर विश्वास, टीबी एचबी राहुल यादव, एमपीडब्लू हथखोज नारायण साहू, एमटी सतरूपा निर्मलकर, एएनएम हर्षा मानिकपुरी, मितानिन मनीषा निर्मलकर, पुष्पा साहू, आरती यादव, रूक्मिणी बंजारे, त्रिवेणी साहू, प्रमिला निर्मल कर, पदमीनी साहू, दीपिका वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के सोनसीर देशलहरे, निवेश प्रधान, भूपेंद्र सिन्हा, एक्स-रे टैक्नीशियन भूपेंद्र कुमार साहू, डुमेशवर यादव, हिमांशु सूर्यवंशी का सहयोग रहा।

## गंभीर बीमारी के इलाज और बच्चों की पढ़ाई के लिए मांगी मदद

# जनदर्शन में आवास, पेयजल संकट को लेकर शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टोरेट सभागार में बुधवार को जनदर्शन के दौरान 104 आवेदन आए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, पेयजल की समस्या, गंभीर बीमारियों के लिए आर्थिक सहायता और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। आवास की समस्या को लेकर सबसे ज्यादा आवेदन आए। खपरी की एक महिला ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान की मांग की। आवेदिका ने बताया कि वह एक कच्चे और जर्जर मकान में रहने को मजबूर है, जिससे बरसात के दिनों में जान-माल का खतरा बना रहता है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वह स्वयं मकान बनवाने में असमर्थ है। कलेक्टर ने जनपद पंचायत के अधिकारियों को पात्रता की जांच कर प्राथमिकता के आधार पर आवास स्वीकृत करने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा।

- जनदर्शन में प्राप्त हुए 104 आवेदन

### पीएम आवास में अतिक्रमण की शिकायत

अवैध कब्जे के मामलों में स्मृति नगर क्षेत्र की एक महिला ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवंटित अपने मकान पर परिजनों द्वारा ही ताला लगाकर अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत की। इसके अतिरिक्त, ग्राम बघेरा और शीतला नगर बोरसी के निवासियों ने भी सार्वजनिक रास्तों और निजी भूमि पर अवैध कब्जे व बिना अनुमति 5जी टावर लगाए जाने का विरोध किया। कलेक्टर ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को इन मामलों में जाँच कर अवैध निर्माण और कब्जों को तत्काल हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### लचर सफाई व्यवस्था को लेकर लोग पहुंचे कलेक्टोरेट

नपानि भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत एक अन्य आवेदन में मोहल्ले की सफाई और नालियों के संधारण की मांग की गई। नागरिकों ने बताया कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से गंदगी फैल रही है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जनदर्शन में प्राप्त अन्य आवेदनों में पेंशन, राशन कार्ड और भूमि संबंधी विवादों का भी उल्लेख रहा, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम और तहसीलदारों को मौके पर जाकर वस्तुस्थिति का जायजा लेने और निराकरण करने के निर्देश दिए।

### बीमार पुत्र के इलाज के लिए मां ने मांगी आर्थिक मदद

भिलाई की एक बुजुर्ग महिला ने अपने बीमार पुत्र के इलाज और परिवार के भरण-पोषण के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र की दोनों किडनियां खराब हो चुकी हैं, जिसके कारण वह काम करने में असमर्थ है। परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय होने के कारण घर का खर्च और बच्चों की शिक्षा का प्रबंध करना कठिन हो गया है। कलेक्टर ने इस संवेदनशील मामले पर संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में पेयजल आपूर्ति और सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जे की गंभीर शिकायतें प्राप्त हुईं। ग्राम अमलीडीह से पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में विशाल पानी टंकी का निर्माण हो गया है, लेकिन ग्रामीणों को नल से नियमित जल प्राप्त नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र पेयजल आपूर्ति शुरू करने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने पीएचई के कार्यपालन अभियंता को तत्काल स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## लोगों की शिकायतें और तत्काल समाधान के लिए वार्ड-60 में सुशासन तिहार आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 1 मई से 23 मई तक नगर निगम सीमा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं में पारदर्शिता लाना, उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं स्थल पर ही समाधान करना है, जिससे सुशासन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। 7 मई को शासकीय प्राथमिक शाला कातुलबोर्ड वार्ड 60 में शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें वार्डः 14 से 24, 47, 58, 59 एवं 60 नागरिक शामिल हो सकेंगे। शिविर में नागरिकों को राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आधार कार्ड, सूर्य योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित समस्याओं के निराकरण की सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही शिकायत एवं मांग संबंधी आवेदनों का भी मौके पर समाधान किया जाएगा।

- वार्ड 14 से 24, 47, 58, 59, 60 के नागरिक हो सकेंगे शामिल



## खबर संक्षेप

### छात्रा टीना का कक्षा 10वीं 89.83 % अंक प्राप्त की

**कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई



स्कूल परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु मंदिर कुण्डा की छात्रा ने शानदार प्रदर्शन कर सफलता का नया परचम लहराया है। विद्यालय की छात्रा टीना मानिकपुरी ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 89.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। टीना मानिकपुरी की इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि विद्यालय और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। छात्रा टीना की मेहनत, लगन और अनुशासित अध्ययन का यह परिणाम पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिवार, शिक्षकों, सहपाठियों व ग्रामीणों तथा माता-पिता श्रीमती अंबिका रोहित मानिकपुरी ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। सरस्वती शिशु मंदिर कुण्डा के शिक्षकों ने बताया कि छात्रा टीना शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रही हैं, जिसका प्रतिफल आज इस शानदार सफलता के रूप में सामने आया है। इस उपलब्धि से विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में गौरवान्वित हुआ है।

### 8 आरोपी गिरफ्तार, बच्चों से करा रहे थे कठिन श्रम मवेशी चराने में भी लगाया

# बैगा जनजाति के 13 नाबालिग बच्चों को पुलिस ने बंधुआ श्रम से कराया गया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस ने मानवता को झकझोर देने वाले एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए बैगा जनजाति के 13 नाबालिग बच्चों को बंधुआ श्रम और बाल तस्करी से मुक्त कराया है। मामले में 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह को सूचना मिली थी कि ग्राम थूहापानी एवं आसपास के क्षेत्रों से बैगा जनजाति के नाबालिग बच्चों को उनके माता-पिता को पैसों का लालच देकर ले जाया गया है और उनसे जबरन मजदूरी कराई जा रही है। सूचना के बाद गठित विशेष टीम ने ग्राम भलपहरी, खरहट्टा पाण्डातराई, सारंगपुर कला, कान्हाभैरा और दशरंगपुर क्षेत्रों में दबिश देकर 13 बच्चों को सकुशल मुक्त कराया।

रेस्क्यू के बाद बच्चों को थाना कोतवाली लाया गया तथा जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड लाइन की मदद से आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। बाल कल्याण समिति के निर्देश पर बच्चों को सुरक्षित संरक्षण के लिए बालगृह भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध और अमानवीय कृत्य है। हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य का अधिकार है। यदि कहीं भी बाल श्रम, बंधुआ मजदूरी या बाल तस्करी जैसी गतिविधियों की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पूरी कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अमित पटेल के मार्गदर्शन में लालमन साव, उमाशंकर राठौर, डीएसबी नितिन तिवारी सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

#### बच्चों के पालकों को दिया गया पैसों का लालच



पुलिस पूछताछ में सामने आया कि करीब 6 से 7 माह पहले आरोपी रवि यादव एवं अन्य लोगों ने बच्चों के पालकों को पैसों का प्रलोभन देकर उन्हें अलग-अलग गांवों में काम कराने के लिए ले जाया था। वहां उनसे गाय और मवेशी चराने, देखभाल करने सहित अन्य कठिन श्रम कराया जाता था। बच्चों ने बताया कि उनसे प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 9 बजे तक तथा दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक लगातार काम कराया जाता था, जबकि मजदूरी के नाम पर उनके पालकों को केवल 1000 से 2000 रुपये प्रतिमाह दिए जाते थे।

#### मुक्त कराए गए बच्चे 8 से 15 वर्ष के

बताया जाता है कि मुक्त कराए गए बच्चों की उम्र 8 से 15 वर्ष के बीच बताई गई है और सभी विशेष संरक्षित बैगा जनजाति से संबंध रखते हैं। पुलिस ने मामले में थाना भोरमदेव में अपराध क्रमांक 29/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता, जेजे एक्ट, बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम एवं बंधुआ मजदूर प्रणाली उन्मूलन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपियों में रामू यादव, रवि यादव, धनीराम यादव, सर्वन यादव, दीपक यादव, रामफल यादव, राम बिहारी यादव एवं रुपेश यादव शामिल हैं।

### ग्रामीण किसान रबि फसल पंजीयन के लिए भटक रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव और दामापुर क्षेत्र के ग्रामीण किसान इन दिनों रबि फसल चना बेचने के लिए पंजीयन कराने को लेकर परेशान हैं। किसानों का कहना है कि करीब एक माह पहले सेवा सहकारी समिति अंतर्गत कोलेगांव सोसायटी में चना पंजीयन के लिए आवेदन जमा किया था, लेकिन अब तक कई किसानों का नाम सूची में दर्ज नहीं हो पाया है।

किसानों से मिली जानकारी के अनुसार शासन प्रशासन ने 15 तारीख तक पंजीयन की समय-सीमा तय की है। ऐसे में समय कम बचे होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है कि कहीं वे पंजीयन से वंचित न रह जाएं।

कई किसानों ने बताया कि उनके खेतों में चना फसल की खेती अधिक रकबे में हुई है, लेकिन पंजीयन कम रकबे का दर्ज किया गया है। इससे उन्हें उपज बेचने में नुकसान होने की आशंका है। समिति प्रबंधक से जानकारी लेने पर किसानों को बताया गया कि पंजीयन प्रक्रिया में ग्राम सेवक और पटवारी के हस्ताक्षर आवश्यक हैं। वहीं ग्राम सेवक की ड्यूटी दूसरे स्थान पर होने के कारण किसानों को हस्ताक्षर कराने के लिए दूसरे गांव जाना पड़ रहा है। इससे किसानों को अनावश्यक परेशानी और भटकाव का सामना करना पड़ रहा है।

# ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

### दो दिनों से क्षेत्र ब्लैक आउट, भीषण गर्मी में लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंड़ी

जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच पोंड़ी नगर के वार्ड क्रमांक 07 में गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे एक ट्रांसफार्मर में ओवर वोल्टेज के कारण भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया, जिससे आसपास के रहवासियों में दहशत फैल गई। लोग अपने घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। स्थानीय लोगों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया।

ग्रामीणों और बिजली विभाग के कर्मचारियों मुस्तैदी दिखाते बाल्टियों में पानी भरकर आग पर काबू पाने की कोशिश की और काफी हद तक सफल भी रहे। बाद में मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग बुझाने में सहयोग किया।

पंच वेद साहू ने बताया कि वर्तमान ट्रांसफार्मर क्षेत्र की बढ़ती आबादी और बिजली मांग के अनुरूप सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि पोंड़ी को टाउन का दर्जा मिलने और आसपास के गांवों को जोड़ने के बाद बिजली खपत बढ़ी है, जिससे ओवरलोड की समस्या लगातार बनी हुई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने और बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग की है, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। इस मामले में विभाग के सुनील कंवर ने जानकारी देते बताया कि शार्ट सर्किट कि वजह से केबल में आग लगा, जिसके बाद ट्रांसफार्मर को भी अपने चपेट ने ले लिया। हालांकि विभाग में कर्मचारियों ने आगजनी पर काबू पा लिया जिसके बाद नया ट्रांसफार्मर लगा दिया है। वही आने वाले दिनों में



#### बिजली आपूर्ति ठप, पानी संकट गहराया

पोंड़ी नगर में पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ट्रांसफार्मर में भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली नहीं होने से लोग परेशान हैं। वहीं बिजली बंद रहने के कारण जल आपूर्ति भी प्रभावित हुई है, जिससे लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

#### दमकल की देरी पर लोगों में आक्रोश

घटना की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई थी, लेकिन टीम के देर से पहुंचने पर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखने को मिली। लोगों का कहना है कि यदि समय पर दमकल पहुंचती तो स्थिति और जल्दी नियंत्रित हो सकती थी।

#### ओवरलोड बना हादसे की वजह

पोंड़ी स्थित वार्ड क्रमांक 07 में लगा 200 केव्हीं का ट्रांसफार्मर अपनी क्षमता से अधिक लोड झेल रहा है। पोंड़ी नगर की करीब 50 प्रतिशत बिजली आपूर्ति इसी ट्रांसफार्मर से हो रही है, जिससे आए दिन शॉर्ट सर्किट और तकनीकी समस्याएं उत्पन्न होती रहती हैं। वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में कम से कम दो अतिरिक्त ट्रांसफार्मर अलग-अलग वार्डों में लगाए जाएं, ताकि लोड का संतुलन हो सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा, तहसील व जिला - बेमेतरा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्र./ /प्र.1/तह./2026
रा.प्र.क्र. .....वर्ष 2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता निवासी ग्राम बेमेतरा प.ह.नं. 22 तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंकज हिरानी पिता दीपक हिरानी निवासी सिंधी कालोनी बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा द्वारा साहूकारी लायसेंस प्रदान किये जाने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, चालान की प्रति, आयकर फार्म मय दस्तावेज इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदक को साहूकारी लायसेंस प्रदान किये जाने मे यदि किसी व्यक्ति/संस्था/ विभाग को दावा/ आपत्ति हो तो वे नियत पेशी तारीख दिनांक. 25.05.2026 तक इस न्यायालय मे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है । उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 07/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर से ईश्तहार जारी।

तहसीलदार
(मुहर) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

# उप मुख्यमंत्री ने 2.06 करोड़ की लागत से विद्युत उपकेंद्र का किया भूमिपूजन, शहर को मिलेगी मजबूत बिजली व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर की बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए गुरूवार को नवीन बस स्टैण्ड घोठिया में 33.11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत लगभग 2.06 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले इस विद्युत उपकेन्द्र की सौगात दी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह केंद्र शहर की विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी तथा आम उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। उपकेन्द्र के शुरू होने से मेडिकल कॉलेज, नवीन बस स्टैण्ड, कृषि महाविद्यालय, तुलसी नगर और राजदीप कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा, वहीं शहर के 8614 उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कवर्धा शहर की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आज घोठिया स्थित नवीन बस स्टैण्ड के पास नए विद्युत उपकेंद्र का भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद मात्र ढाई वर्षों के भीतर जिले में विद्युत अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं और अब तक चार नए उपकेंद्रों का भूमिपूजन पूरा किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि दलदली, सेमो और सरेखा में पहले ही उपकेंद्रों का भूमिपूजन हो चुका है, जबकि जल्द ही दुबहा में भी नए उपकेंद्र का भूमिपूजन किया जाएगा।

उन्होने कहा कि महज ढाई वर्षो में जिले में पांच सब स्टेशन स्थापित होने जा रहे हैं, जो विद्युत व्यवस्था को नई मजबूती देंगे। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में भी नए सब स्टेशन और ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे ताकि हर क्षेत्र तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाई जा सके। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर लगने से लो वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होने जैसी समस्याओं में बड़ी राहत मिलती है। ढाई साल में अब तक जिले में 486 नए ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके हैं और आने वाले समय में यह संख्या और बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि घोटिया उपकेंद्र में 5 एमव्हीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा। अभी तक कवर्धा शहर की पूरी विद्युत व्यवस्था दो पावर ट्रांसफार्मरों के भरोसे संचालित हो रही थी, लेकिन यह तीसरा पावर ट्रांसफार्मर शहर की करीब 40 प्रतिशत आबादी को कवर करेगा। इससे वोल्टेज की समस्या, लाइन फाल्ट और ओवरलोड जैसी परेशानियों से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस नए उपकेंद्र से कवर्धा शहर के 13 वार्डों में विद्युत सप्लाई की जाएगी। इससे मौजूदा दोनों ट्रांसफार्मरों पर लोड कम होगा और दूरस्थ बस्तियों तक भी पर्याप्त वोल्टेज के साथ बिजली पहुंच सकेंगी।

#### 5 एमव्हीए ट्रांसफार्मर और तीन नए फीडर होंगे स्थापित

नवीन उपकेन्द्र में 5 एमव्हीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही यहां से तीन नए 11 केव्ही फीडर मेडिकल कॉलेज फीडर, तुलसीनगर फीडर तथा राजदीप कॉलोनी फीडर निकाले जाएंगे। इन फीडरों के माध्यम से नव निर्मित मेडिकल कॉलेज, नवीन बस स्टैण्ड, कृषि महाविद्यालय, तुलसीनगर एवं राजदीप कॉलोनी क्षेत्र में बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस नए उपकेन्द्र के प्रारंभ होने के बाद लोहारा नाका स्थित उपकेन्द्र का भार यहां हस्तांतरित किया जाएगा। इससे दशरंगपुर, टाउन-1 तथा रामनगर फीडरों पर दबाव कम होगा। साथ ही 11 केव्ही फीडरों की लंबाई घटने से अंतिम छोर तक गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति संभव हो सकेगी।

#### 8614 उपभोक्ताओं को मिलेगा सीधा लाभ

इस नवनिर्मित उपकेन्द्र से कवर्धा शहर के लगभग 8614 उपभोक्ता सीधे लाभान्वित होंगे। बेहतर विद्युत व्यवस्था से आम नागरिकों के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और तेजी से विकसित हो रहे नए क्षेत्रों को भी बड़ी सुविधा मिलेगी। नए उपकेन्द्र के निर्माण से शहर के कई क्षेत्रों में लंबे समय से बनी लो वोल्टेज की समस्या से भी राहत मिलेगी। विद्युत विभाग के अधिकारी ने बताया कि कम दूरी से विद्युत आपूर्ति होने के कारण बिजली की गुणवत्ता में सुधार आएगा और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिल सकेगी।

### सुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजन आवेदन आमंत्रित

कवर्धा। पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना वर्ष 2026-27 अंतर्गत जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने इच्छुक व्यक्तियों से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए है। संबंधित वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

# जमीन पर बैठकर सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गुरुवार को ग्राम पंचायत बम्हनी में आयोजित सुशासन तिहार का समाधान शिविर में ग्रामीणों के लिए सीधे संवाद का मंच बन गया। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने यहां जमीन पर बैठकर लोगों की समस्याएं सुनीं। कई ग्रामीण अपने आवेदन लेकर पहुंचे थे। उप मुख्यमंत्री ने एक-एक बात ध्यान से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर शासन, प्रशासन और आमजन के बीच का सेतु है। लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो यह प्रयास होना चाहिए।

ग्रापं बम्हनी में 24 गांवों के क्लस्टर को शामिल करते हुए शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि किसी परिवार के लिए पीएम आवास सिर्फ एक मकान नहीं होता, बल्कि वर्षों से देखे गए उस सपने का साकार रूप होता है, जहां परिवार सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन की उम्मीद करता है। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में पीएम आवास की स्वीकृति का निर्णय इसी सोच और प्रतिबद्धता का हिस्सा था।

पेज 11 के शेष

### राजगामी संपदा न्यास के पदभार ...

सम्मान किया है। राम जानकी मंदिर के महंत सुरेंद्र दास ने कहा कि महंत दिग्विजय दास वैष्णव महंत परंपरा के महान संवाहक थे,वे "पीर पराई जाने रे" की मूल वैष्णव भावना से प्रेरित होकर जीवनभर लोककल्याण में समर्पित रहे,उन्होंने कहा कि उनकी दानशीलता इतिहास में सदैव अनुकरणीय रहेगी और वे वास्तव में "कलयुग के राजा बलि" थे। समारोह के पश्चात वैष्णव समाज, संत-महंतों एवं विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मनोज निर्वाणी को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि राजगामी संपदा न्यास भविष्य में सनातन मूल्यों एवं समाज हित के कार्यों का प्रमुख केंद्र बनेगा,शपथ ग्रहण समारोह स्पीकर हाउस में संपन्न हुआ।

### अधिवक्ता समेत 10 ...

ने आत्महत्या का प्रयास किया था। कई युवा इस लत के चलते आर्थिक और मानसिक बर्बादी की राह पर पहुंच चुके हैं। ऐसे में पुलिस की यह कार्रवाई शहर में बढ़ते ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क पर बड़ी चेतावनी के रूप में देखी जा रही है।

# चोरों का आतंक, एक रात में टूटे 6 घरों के ताले



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

जिले के नगर पालिका परिषद पंडरिया में बुधवार को रात एक ही रात में 6 घरों के ताले टूटे हैं। एक साथ इतने घरों में चोरी से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग अपने घरों को छोड़कर जाने में सोचने को मजबूर हो गए है। पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

पंडरिया नगर पालिका क्षेत्र के पाढ़ी जाने वाले मार्ग में बसे लोगों के घर में नकदी व गहनों की चोरी हुई है। जिसकी अनुमानित कीमत 20 लाख रूपये से अधिक की बताई जा रही है।

पंडरिया नगर से बड़ी और सनसनीखेज खबर सामने आई है। पाढ़ी रोड इलाके में चोरों ने एक ही रात में 6 घरों को निशाना बनाकर पूरे शहर में दहशत फैला दी है। देर रात अज्ञात बदमाशों ने घरों के ताले तोड़कर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। शुरुआती अनुमान के मुताबिक करीब 25 से 30 लाख रुपए की चोरी बताई जा रही है। जिसमें सोना चांदी जेवरात और कीमती सामान शामिल है। घटना का खुलासा होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों में डर के साथ भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं के बाद अब पंडरिया पुलिस की गस्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

#### जांच में जुटी पुलिस टीम

मौके पर पहुंचकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। पंडरिया पुलिस इस घटना के बाद हरकत में आई है। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर चोरों के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने जल्द ही चोरों को पकड़ने का दावा किया है। एक साथ इतने घरों में चोरी की घटना सामने आने से पंडरिया पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालियां निशान खड़े हो रहे है। शहरी क्षेत्र में पेट्रोलिंग के बाद भी चोरी समझ से परे है,या फिर पुलिस रात में पेट्रोलिंग के नाम पर केवल औपचारिकता निभा रही है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले 32 पान ठेलों व होटलों पर कार्रवाई

**भिलाई।** राज्य शासन द्वारा 11 मई तक 15 दिवसीय जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को खाद्य और औषधि प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अभियान के दसवें दिन कोटपा एक्ट के अंतर्गत जिले के जुनवानी, नेहरू नगर और स्मृति नगर क्षेत्र में तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही कार्रवाई की गई। कोटपा एक्ट के उल्लंघन पर पान ठेलों और होटलों सहित 32 जगहों पर कार्रवाई की गई। इसी प्रकार खाद्य शाखा द्वारा जिले में संचालित कंफेक्श्नरी, कैण्डी और चॉकलेट विक्रेता जिसमें मेसर्स पूजा स्वीट्स, मेसर्स जय बाबा ट्रेडर्स, गोपी स्वीट्स, लक्की स्वीट्स, लिंक रोड, पावर हाउस, भिलाई व मेसर्स मनोज कंफेक्श्नरी, एएन प्रोडक्ट भिलाई-3 की जांच की गई। इसमें संचालकों को उचित साफ सफाई के साथ व्यवसाय संचालित करने के निर्देश दिए गए।

### देशी कट्टा और दो लाख रकम के साथ एक गिरफ्तार

**भिलाई।** देशी कट्टा, जिंदा कारतूस और 2 लाख रुपये नगदी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। घटना कुम्हारी थाना क्षेत्र का है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि एमडीडी 102 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कबीर नगर रायपुर निवासी अविनाश आष्टिकर 56 वर्ष खारून नदी के पास रेलवे ब्रिज के नीचे खड़ा होकर अवैध हथियार बेचने की फिराक में था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर अविनाश के पास से सफेद प्लास्टिक की बोरी में देशी कट्टा, नगदी रकम बरामद किया। अविनाश हथियार बेचने का प्रयास कर रहा था। जैसे ही पुलिस टीम पहुंची, अविनाश भागने का प्रयास कर रहा था। लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। अविनाश से पुलिस ने जब पूछताछ किया तो उसके पास से कोई भी वैद्य दस्तावेज नहीं मिला है। आरोपी के पास से मोबाइल, लोहे का देशी कट्टा, जिंदा कारतूस बरामद किया है।

### सरपंच की शह पर तालाब किनारे हो रहा अतिक्रमण चल रहा पक्का निर्माण

**भिलाई।** दुर्ग जिले के ननकट्टी ग्राम पंचायत में घटिया कंक्रीट रोड बनाने के बाद अब वहां के तालाब से लगी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके पक्का निर्माण करने का मामला सामने आया है। बड़ा तालाब से लगी जमीन पर विश्वनाथ ढीमर के द्वारा पक्का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण के लिए उसने सरपंच सुशील साहू अनुमति ली तो सरपंच ने यह कहते हुए अनुमति दे दी की वह लोग तलाब से लगी सरकारी जमीन में वर्षों से काबिज हैं, इसलिए वो वहां निर्माण कर लें। सरपंच द्वारा इस तरह सरकारी जमीन पर पक्का निर्माण की छूट देने से उनकी पंचायत के कुछ सदस्य और गांव के लोग काफी नाराज हैं। ननकट्टी गांव में एक बड़ा तालाब है। इस तालाब में नलकूप से लेकर सुंदर घाट का निर्माण कराया गया है।

**जीत : पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत के सूत्रधार बने अवधेश चंदेल**

# भाजपा प्रत्याशी सोमेन कराफ 6 हजार से अधिक वोटों से विजयी, बेमेतरा में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अवधेश चंदेल को भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा पश्चिम बंगाल के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 267 भातार का चुनावी प्रभार सौंपा गया था। लगभग तीन माह तक लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहकर उन्होंने भाजपा प्रत्याशी सोमेन कराफ के पक्ष में व्यापक जनसंपर्क, बूथ प्रबंधन और चुनावी रणनीति तैयार करने का कार्य किया।

श्री चंदेल ने भाजपा की नीतियों एवं मेनिफेस्टो को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ लगातार अभियान चलाया। उनके नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में संगठित रूप से प्रचार-प्रसार किया, जिसका परिणाम भाजपा प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत के रूप में सामने आया। भातार विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी सोमेन कराफ ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 6 हजार से अधिक मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। जीत की खबर मिलते ही बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं अवधेश चंदेल समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई दी।



**कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास की जीतः अवधेश चंदेल**

अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत पर पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि"यह जीत भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और जनता के विश्वास की जीत है। पश्चिम बंगाल की जनता अब विकास, सुशासन और राष्ट्रवादी सोच के साथ खड़ी दिखाई दे रही है। भातार विधानसभा क्षेत्र की जनता ने भाजपा को भरपूर समर्थन देकर यह स्पष्ट संदेश दिया है कि लोग बदलाव चाहते हैं। मैं क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और मतदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा देशभर में निरंतर मजबूत हो रही है और आने वाले समय में पश्चिम बंगाल में भी पार्टी नई राजनीतिक दिशा तय करेगी।

**भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल :** भातार विधानसभा क्षेत्र में मिली जीत को लेकर बेमेतरा भाजपा संगठन में भी खुशी का माहौल देखा गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे संगठनात्मक मजबूती और प्रभावी रणनीति की सफलता बताते हुए अवधेश चंदेल को शुभकामनाएं दीं। समर्थकों ने कहा कि श्री चंदेल ने क्षेत्र में रहकर जिस समर्पण और सक्रियता के साथ चुनावी जिम्मेदारी निभाई, उसी का परिणाम भाजपा की शानदार जीत के रूप में सामने आया। तीन राज्यों के जीत पर मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दिया और कहा कि हमारे श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जन्म भूमि बंगाल में कमल खुलने से बंगाल विकाश की रह में अग्रसर होगा इस अवसर पर रोहित माहेश्वरी, नारायण पटेल, थानेश्वर साहू, यतीश द्विवेदी, गंगाधर साहू, विमला कुर्रे, संतोष साहू, कन्हैया वर्मा, युगल पाटिल, अरविंद ठाकुर, सिम्पू परगनिया, कमल साहू, जगदीश कुर्रे, राजू साहू, कन्हैया सेन, किशुन साहू, लक्ष्मी लता वर्मा, शिवझड़ी सिन्हा, किशन साहू, शैलेंद्री वर्मा, सरजू साहू, खम्मन श्रीवास, होलू साहू, नैनदास, गंगाधर साहू, गणेश चंदेल,रमेश सिन्हा, उकेंद्र साहू, लेखराम साहू, सुनील राजपूत, दिगेश्वरी साहू, लीलाराम साहू, मोहित साहू, डामन साहू, रघुवीर पिंटू सिन्हा, रामकुमार साहू, मनोज, प्रदीप, मयंक, राजेश,रोहित, पुखराज सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन महिला इकाई ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव

### प्रतिभावान छात्राओं का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन महिला इकाई द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में 31 दीप जलाकर भगवान परशुराम की आरती की गई। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्राओं वैष्णवी चौबे एवं सिद्धि शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डब्ल्यूबीएफ जिला बेमेतरा की अध्यक्ष कनकलता मिश्रा ने मंच संचालन किया। वहीं सभी सदस्यों को परशुराम जन्मोत्सव की खुशी में आकर्षक गिफ्ट प्रदान किए गए। प्रतिभावान छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं आकर्षक उपहार देकर निवेदिता तिवारी एवं अंजुला चौबे द्वारा सम्मानित किया गया। भगवान परशुराम के जीवन से संबंधित आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सरोज तिवारी प्रथम एवं कीर्ति तिवारी द्वितीय रहीं। कार्यक्रम में मनोरंजक खेल, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं स्वादिष्ट नाश्ते का भी आयोजन किया गया। उपस्थित महिलाओं ने भविष्य में भी इसी तरह सामाजिक एवं नेक कार्य करते रहने का संकल्प लिया।

▪ 31 दीप जलाकर की आरती, प्रश्नोत्तरी और सांस्कृतिक गतिविधियों से सजा आयोजन

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कनकलता मिश्रा, मंजू शर्मा, दीपा भट्ट, पूजा मिश्रा, शशि किरण तिवारी, पार्वती दुबे, वर्षा गौतम, अंजुला चौबे, सरोज तिवारी, करुणा तिवारी, इला तिवारी, निवेदिता तिवारी, लता मिश्रा, अन्नू पांडे एवं श्वेता तिवारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन शशि किरण तिवारी द्वारा आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

## मंत्री ओपी चौधरी से मिले होरीलाल सिन्हा भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर दी बधाई



**बेमेतरा।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के सरगुजा संभाग प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा ने वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ पी चौधरी से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने असम, बंगाल एवं पाण्डुचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर मंत्री चौधरी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। मुलाकात के दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के संगठनात्मक एवं समसामयिक विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा लगातार जनहित और विकास के मुद्दों पर कार्य कर रही है, जिसका सकारात्मक परिणाम विभिन्न राज्यों में देखने को मिल रहा है।

## सुपेला के इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी आग, मशक्कत के बाद बुझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दक्षिण गंगोत्री सुपेला स्थित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में अचानक आग लग गई। सूचना लगते ही अग्निशमन और आपातकालीन सेवा दुर्ग की टीम मौके पर पहुंची। आग बढ़ने से दुर्ग नगर निगम और बीएसपी की फायर टीम को भी बुलाया गया। मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के मुताबिक एवन इलेक्ट्रॉनिक शोरूम आग शोरूम के चौथे माले पर लगी थी। उक्त माले पर भारी मात्रा में कार्टून भी पड़े थे। जिनमें इलेक्ट्रॉनिक सामान रखा हुआ था। इसके चलते आग तेजी से फैलने लगा। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगना जताया जा रहा है। फिलहाल जांच के बाद ही आग का असली कारण का पता चल पाएगा। घटना में अब तक किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। शोरूम में कितने का नुकसान हुआ इसका आंकलन नहीं किया गया है। मौजूद टीम को आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। चौथे फ्लोर तक पहुंचने के लिए टीम को सीढी का सहारा लेने पड़ा। इसके चलते टीम को पहुंचने में देरी हुई। मौके पर दमकल की तीन वाहन पहुंचीं, लेकिन जगह की कमी और भीतर जाने का रास्ता छोटा होने से आग बुझाने वाली टीम को दिक्कत हुई।

▪ दक्षिण गंगोत्री सुपेला की घटना चौथे माले में लगी थी आग



## प्रधान पाठक धनीराम साहू को दी गई भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला पिकरी में विगत दिनों विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें प्रधान पाठक धनीराम साहू को उनकी सेवानिवृत होने पर भावभीनी विदाई दिया गया। उनका स्वभाव अत्यंत सरल, सौम्य, एवं व्यवहार कुशल रहा। उन्होंने सदैव सादगी के साथ अपने कार्य को करते हुए सभी शिक्षक साथियों एवं शाला परिवार को एक परिवार के रूप में जोड़े रखा। सदैव उन्होंने मार्गदर्शन एवं विद्यालय के लिए प्रेरणादायक रहे। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा किया। इसी कड़ी में शाला की भूतपूर्व छात्रा ओमनी वर्मा को माध्यमिक शिक्षा मंडल 12वीं की परीक्षा में पूरे प्रदेश में द्वितिय स्थान प्राप्त करने पर उनका शाला परिवार की ओर से सम्मानित और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिये। कार्यक्रम का समापन सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक को शाल व श्रीफल भेंटकर विदाई दिया। उक्त कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम सहाय वर्मा, कमोद वर्मा, भुवनेश्वरी साहू दुर्गावती बक्शी, मंजू गुप्ता, केशर ठाकुर, मनीषा गीतेश्वरी, बोधन, भरत , राजु, गोकुल, मनोज, प्रभु , राधा उपस्थित रहे ।

# भीषण गर्मी में भी भरपूर पानी, तांदुला 47, गोंदली 68 खरखरा 46 व मटियामोती जलाशय में 36% जलभराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भीषण गर्मी में आमतौर पर जलाशय सूख जाते हैं और निस्तारी के लिए दुर्ग व बेमेतरा जिले को एक महीने ही पानी देते रहे हैं लेकिन इस बार स्थिति उलट है। जलाशयों में भरपूर जलभराव है। पिछले 26 साल पहले इस तरह जलभराव हुआ था। वर्ष 2000 से लेकर 2026 तक मई की स्थिति में 26 साल में पहली बार चार जिले के लिए महत्वपूर्ण तांदुला जलाशय में 47 फीसदी, गोंदली जलाशय में 68 फीसदी, खरखरा जलाशय में 46 फीसदी और मटियामोती जलाशय में 36 फीसदी जलभराव है। खास बात यह है कि इन दिनों निस्तारी तालाबों, भिलाई इस्पात संयंत्र, दुर्ग, राजनांदगांव नगर निगम की डिमांड अनुरुप पानी छोड़ने के बावजूद इस बार चारों बांध में जलभराव स्थिति अच्छी बनी हुई है। इधर महीनेभर से निस्तारी तालाबों के लिए जलाशयों से पानी दिया जा रहा है। अब भी इसकी डिमांड दुर्ग जिले की गई है। इसलिए एक महीने और पानी दिया जा सकेगा।

### पाटन, बेरला क्षेत्र से डिमांड इसलिए गेट खोलने की नौबत

सिंचाई विभाग के अनुसार पाटन, बेरला क्षेत्र से अब तक निस्तारी तालाबों के लिए पानी की डिमांड की जा रही है। इस वजह से तांदुला जलाशय के मुख्य गेट को अब तक खोलने की नौबत आ रही है। रोजाना 1100 से ज्यादा क्यूसेक पानी छोड़ रहे है। जबकि रोजाना गोंदली बांध का 685 क्यूसेक तांदुला में आ रहा है। गोंदली का लगभग 8 फीट पानी को तांदुला जलाशय में शिफ्ट करने की प्लानिंग है। इस पर नजर रखे हुए हैं।



### दिसंबर 2025 में था 120 फीट जलभराव

बीएसपी सहित चार जिले बालोद, दुर्ग, बेमेतरा, राजनांदगांव के लिए महत्वपूर्ण चार जलाशयों की कुल जलभराव क्षमता 123.30 फीट है। वर्तमान में 82.46 फीट पानी भरा है। दिसंबर 2025 में 120 फीट पानी भरा था। इस लिहाज से 5 माह में चारों बांध का जलस्तर 37.54 फीट कम हो चुका है। जलसंसाधन विभाग के अनुसार वर्तमान में तांदुला में 25.50 फीट, गोंदली में 28.10 फीट, खरखरा में 17.90 फीट और मटियामोती में 10.96 फीट पानी भरा है। तांदुला की कुल जलभराव क्षमता 38.50 फीट, गोंदली की 34.10 फीट, खरखरा की 30 फीट भरा हुआ है।

### मई के पहले सप्ताह में रहता था 25 से 30 प्रतिशत पानी

जलसंसाधन विभाग के मुताबिक आमतौर पर मई के पहले सप्ताह तक जलाशयों का जलस्तर 25-30 प्रतिशत के आसपास रहता था लेकिन इस बार सभी जलाशयों में इससे ज्यादा पानी भरा है। मानसून सीजन में अच्छी बारिश होने और रबी सीजन में सिंचाई के लिए पानी नहीं छोड़ने से यह अच्छी बनी है। वर्ष 2000 से 2025 तक की स्थिति में गर्मी सीजन में तांदुला जलाशय में न्यूनतम 2 से 12 फीट और अधिकतम 15 से 21 फीट तक जलभराव रहा है। केवल एक साल वर्ष 2018-19 में गेट मरम्मत के लिए जलाशय को खाली करवाया गया था।

## असफल अपहरण के बाद फूलबासन से मिलने पहुंचे विधायक देवेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



पद्मश्री फूलबासन बाई का गत दिनों अपहरण का प्रयास किया गया जो असफल रहा। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव बुधवार की सुबह फूलबासन देवी से मिलने पहुंचे। इस दौरान फूलबासन देवी विधायक देवेंद्र यादव को अपनी पीड़ा बताई। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि फूलबासन के साथ जो घटना हुई है वह बहुत ही चिंता जनक है। पद्मश्री अवार्डी, जिन्होंने महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया और विश्व भर में जिनका नाम है। ऐसे व्यक्ति का अपहरण का प्रयास शासन और पुलिस प्रशासन के लिए शर्म की बात है। पुलिस प्रशासन और सरकार को गहराई से इसकी जांच करनी चाहिए। फूलबासन वनांचल की महिलाओं और बच्चों के लिए काम करती है। कई किलोमीटर पैदल चल लोगों की मदद करती है। ऐसे व्यक्ति के लिए सुरक्षा व्यवस्था मिलनी चाहिए। जिस तरह से सरकार, विधायक और पूर्व विधायक को सुरक्षा देती है उसी तरह से सुरक्षा देना चाहिए। इस दौरान विपिन यादव, जीतू मुदलियार, छन्नी साहू, हेमा देशमुख, आसिफ अली आदि उपस्थित थे।

**नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो के गली कूचे में गांजे व शराब की हो रही अवैध बिक्री**

# गांजा व शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने समाधान शिविर में हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थान खम्हरिया

नगर सहित ग्रामीण अंचलो मे इन दिनो शराब व गांजे की अवैध बिक्री का कारोबार जोरो से चल रही है,गत दिवस ग्राम दर्री मे आयोजित समाधान शिविर मे ग्राम जेवरा के एक ग्रामीण ने मटिया व जेवरा मे गांजा व शराब की अवैध बिक्री पर प्रतिबंध लगाने शिकायत पत्र दिया है जो ये पुष्टि करता है कि तहसील क्षेत्र मादक पदार्थो की अवेध बिक्री बेरोक टोक जारी है।

नगर के वार्ड क्र 01 से लेकर 15 तक गली कुचे व नदी तालाब के किनारे जमकर गांजे की अवैध बिक्री की जा रही है।ढाबो व हॉटलो मे सुबह से शराब दुकान खुलने से पूर्व 10 बजे तक कई पेटी शराब की बिक्री की जाती है। नगर मे कई जणाने से सत्ताधीशो की रहमोकरम से ही कोचिए बेखौफ होकर नाबालिगो से गांजा व शराब बिक्री कराते फिर रहे है खबर यहाँ तक है कि एक सत्ताधारी नेता भी उक्त कार्य मे संलिप्त है,थाना प्रभारी बंगले के पिछे ही वार्ड क्रमांक 01 मे सुबह से शराब की बेधडक बिक्री हो रही हो और पुलिस सोती नजर आय तो फिर थाना क्षेत्र मे हालात का अंदिजा सहज ही लगाया जा सकता है।पिछले कई सालो की पुलिस



रिकार्ड देखी जाय तो कार्रवाई शून्य दिखता है।नगर सहित ग्रामीण अंचलो मे आसानी के साथ गांजे की कश लगाते नाबालिग बच्चो से लेकर बुजुर्गो तक को आसानी से देखा जा सकता है आखिर इनको गांजा मिलती कहां से है?यह प्रश्न पुलिस के लिए बडी हो सकती है परंतु नागरीक व ग्रामीणो के लिए यह सवाल आसान है।ऐसा क्या कारण है कि पुलिस शिकायत के बावजूद इन तस्करो पर कार्रवाई नही करना चाहती है।जिले के निकम्मे आबकारी विभाग इन तस्करो को खुली छूट दे रखी है यही कारण है कि इनके विरूद्ध कार्रवाई करने विभाग के हाथपांव फूलने लगती है समीपस्थ ग्राम टिपनी चौक, जेवरा, मटिया, करमू, उमरावनगर, हांटरांका,श्यामपुरकांपा, बनरांका जैसे जगहो पर खुलैआम शराब व गांजा की अवैध बिक्री चल रही है।

सुशासन तिहार 2026 के समाधान शिविर दर्री मे गांजे व शरिब की आवेध बिक्री पर कार्रवाई के धिए शिकायती आवेदन पर आबकारी विभाग क्या कार्रवाई करती है यह समय की गर्भ मे है परंतु नशे के गिरफ्त आज सबसे ज्यादा नाबालिग युवक फंसे हुए है यही कारण है कि नशेमन यूवको ने पिछले तीन माह पूर्व ही एक गांजा तस्कर यूवक की निर्मम हत्या करने जैसे बडी अपराध को अंजाम दिये थे। नगर मे गांजे के बडे सौदागर एक धार्मिक संगठन के जिला पदाधिकारी है जिसके उपर कार्रवाई पुलिस भी बैकफूट पर नजर आती है।नगर के वार्ड क्र 01,02,07, 08 ,13,14 व 15 मे शराब की अवैध बिक्री धडल्ले से की जा रही है साजा रोड मुख्य मार्ग पर स्थित एक ढाबे मे तो खुलेआम शराब की बिक्री होती है जबकि वार्ड क्रमांक 12 मे पैठू तालाब मे एक रसूखदार जो विभिन्न संगठनो से संबंध रखते है वही गांजे का किंग मेकर की भुमिका मे है। जगह शराब व गांजे की अवैध बिक्री के चलते कमसीन उम्र के बच्चे नशाखोरी के शिकार हो रहे है।पिछले वर्ष नशेडीयो की आतंक से परेशान होकर नागरीको ने थान खम्हरिया बंद कर पुलिस से सक्त कार्रवाई की भांग बुलंद किये थे बावजूद इसके नगर भे मादक पदार्थो की बिक्री रूक नही रहा है।अब अंचल मे शराब व गांजे की अवैध बिक्री पर बडी कार्रवाई की जरूरत है नागरीक और ग्रामीण इन आवेध गोरखधंधो से परेशान है जिसकी शिकायत पुलिस को हमेशा मिलती रही है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411